हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 20 सितंबर 2025

04 चेतावनी: हटा लें अस्थायी अतिक्रमण नहीं तो ...



07 असम से आए दल ने समझी 'हर घर, नल से जल...





## खबर संक्षेप

### महिला आईटीआई में 20 तक प्रवेश जारी

**सीहोर।** शासकीय अम्बेडकर महिला आईटीआई सीहोर में संचालित एनसीव्हीटी,एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी पहले आओ पहले पाओ के अधार 20 सितम्बर तक प्रवेश ले सकते हैं। विद्यार्थी स्वेच्छा से किसी एक आईटीआई के किसी एक ट्रेड च्वाईस फिलिंग कर सकेगें। समस्त रजिस्टर्ड विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। च्वाईस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नही है,अतः विद्यार्थियों को सावधानी पूर्वक आईटीआई /व्यवसाय का चयन करना चाहिए। च्वाईस फिलिंग करने के पूर्व आईटीआई में व्यव्सायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लेंवें। विद्यार्थी को प्रवेश के लिए 50 रूपये का भुगतान कर च्वाईस लॉक करना होगा,तत्पश्चात अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर सबंधित आईटीआई में प्रवेश हेतु समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं दो सेट फोटो कॉपी सहित पहुंचकर वेरिफिकेशन उसी दिन कराना होगा।

### शिविर में 9274 लोगों को दी स्वास्थ्य सेवाएं

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने व मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य संस्थाओं पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर महिलाओं, किशोरियों एवं नागरिकों स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि अभियान के तहत गुरुवार को स्वास्थ्य शिविरों में 7060 महिलाओं और किशोरियों व 2214 पुरूषों की जांच की गईं और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

### बिजली कनेक्शन लेने सरल संयोजन पोर्टल से करें ऑनलाइन आवेदन

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिये सरल और सुविधाजनक तरीके से त्वरित नवीन बिजली कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में घर बैठे ही नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कंपनी द्वारा विगत जुलाई 2023 से शुरू किये गये ऑनलाइन सरल संयोजन पोर्टल योजना में 10 किलोवॉट तक के अस्थायी कनेक्शन भी शामिल हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया है कि कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल पर आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में तत्काल नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की बागड़ और बाउंड्री पहुंची सड़क तक, जिम्मेदार अधिकारी की अनदेखी से बढ़ी परेशानी

# अतिक्रमण से सिकुड़ गईं सड़कें: रास्ते पर दोनों ओर बढ़ते जा रहे कब्जे बने हादसों का सबब

पिछले दिनों उक्त सड़क पर दो बाईकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र में गांवों को जोड़ने वाली सड़कें इस समय अतिक्रमण की चपेट में है। सड़कों के दोनों ओर लगातार बढ़ता अतिक्रमण लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है। साथ ही वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे है। सबसे खराब हालत स्टेट हाइवे से ब्रिजीशनगर सड़क की है । इसके दोनों ओर लगी कृषि भूमि पर बिना सीमांकन करें बॉउंड्रीवॉल को उठाकर लगभग सड़क के किनारे तक पहुंचा दिया गया है। अतिक्रमण के कारण सड़क की चोड़ाई बेहद कम हो गई। इससे वाहन चालकों को क्रासिंग के दौरान खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है , वहीं इससे हादसे भी हो रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। तमाम विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण सड़क किनारे का अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले दिनों उक्त सड़क पर दो बाईकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके है ।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत क्षेत्र में बनी कई सड़कें वर्तमान समय में अतिक्रमण की चपेट में है। हालात यह है कि सड़कों के दोनों ओर लगे खेतों की बाउंड्री सड़कों की पटरी तक पहुंच गई है , तो वहीं कई लोग अपनी मवेशियों को खेत की मेड़ अथवा रोड़ की पटरी पर ही बांध रहे है। इसके चलते जहां लोगों को आवागमन में खासी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है, वहीं वाहनों की आवाज से मवेशियों के बिदकने से हादसे का डर बना रहता है।




**गली में तब्दील हुई ब्रिजीशनगर सड़क :** स्टेट हाइवे से ब्रिजीशनगर गांव को जोड़ने वाली करीब तीन किमी लंबाई की सड़क की हालत सबसे खराब है। सड़क से लगें खेतों की बाउंड्री लोगों ने पटरियों तक डालकर उस पर अतिक्रमण कर लिया है। स्थित यह है कि अतिक्रमण के कारण उक्त सड़क की चोड़ाई वाहनों की आवाजाही के मान से बेहद कम हो गई है। मसलन सड़क महज गली में तब्दील होकर गई है। इसके अलावा रोड़ में जगह - जगह गड्ढे होने के साथ ही इसमें कई जगह कंधे मोड़ है। ऐसे में यहां अक्सर हादसे हो रहे हैं।

**सड़कों पर बढ़ता जा रहा है यातायात :** बीते कुछ सालों से इन सड़कों पर यातायात का दवाब लगातार बढ़ता जा रहा है। यातायात बढ़ने के साथ ही वाहनों की रेलमपेल लगातार बनी रहती है। कुल मिलाकर सड़क की चोड़ाई वाहनों के लिहाज से बेहद कम पड़ने लगी है। सड़कों की मॉनीटरिंग नहीं होने से लोगों द्वारा अपने खेतों की बाउंड्री को लगातार बढ़ाया जा रहा है। कई जगह तो लोगों ने बिल्कुल सड़क से सटाकर ही अपनी बाउंड्री कर ली है।

#### झाड़ियों से पटा रोड

खेतों की बाउंड्री रोड़ की पटरी पर होने से रोड़ के दोनों ओर लेम्टाना , बबूल , सूबबूल आदि पेड़, पौधों की गहरी व कई फीट लंबी झाड़ियां हो रही है। ऐसे में मोड़ पर सामने से आने वाले वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते है , जिससे अक्सर हादसे हो रहे है। यात्री वाहन चालक महेश राठौर का कहना है कि सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण एवं झाड़ियों के कारण वाहनों के क्रासिंग में काफी परेशानी होती है साथ ही हादसे का डर भी बना रहता है। राहगीरों ने बताया कि सड़क की पटरी पर ही अतिक्रमण होने से वाहनों की क्रासिंग में काफी परेशानी होती है। बड़े वाहन तो निकल ही नहीं पाते है। ब्रिजीशनगर के ज्ञान सिंह राठौर, सतीश राठौर , राजेश मेवाड़ा आदि का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण सड़क पर लगातार अतिक्रमण बढ़ रहा है। सड़क पर आवागमन आसान और सुगम बनाने के लिए प्रशासन को पटरी भरने व उसकी साफ़ सफाई करानी चाहिए । इसी प्रकार की स्थिति कुशलपुरा - नीलबड़, दीवड़िया - रामदासी , हिम्मतपुरा - आर्या, आर्या - दौलतपुर आदि सड़कों की भी है।



**इछावर।** बोरदी जोड़ से ब्रिजीशनगर प्रधानमंत्री सड़क के दोनों तरफ की पटरियों पर इस तरह अतिक्रमण कर रखा है।

#### अतिक्रमण हटाया जाएगा

जिन सड़कों की पटरी पर झाड़ियां है उनकी सफाई एवं पटरी भरने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को पत्र भेजा जा रहा। इसके साथ ही जहां अतिक्रमण है उसको चिन्हित कर हटाया जाएगा।

**स्वाति मिश्रा,** एसडीएम इछावर

## बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान आपको करना ही होगा, दुर्व्यवहार किसी भी हालत में सहन नहीं करूंगा: सुदेश राय

**तीखे अंदाज के साथ ऑफिस में बुलाकर विधायक ने दी बिजली अधिकारियों को समझाइश, सुधर जाओ वरना...**

**सीहोर।** नागरिकों की समस्याओं का समाधान तय वक्त में कराना आपकी ड्यूटी है। कार्यालय पहुंचने वाले नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार किसी भी हालत में सहन नहीं करूंगा। विद्युत वितरण कंपनी शहर जोन क्रमांक 1 और 2 के ए ई अतुलेश और अग्रवाल को बुलाकर विधायक सुदेश राय ने अपने तीखे अंदाज में दी समझाइश।



विधायक सुदेश राय ने कहा कि स्मार्ट बिजली मीटरों के कारण उत्पन्न हो रहे विवादों को भी आपको उपभोक्ताओं के साथ सद व्यवहार करते हुए शांत कराना है। शहर और ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक हमारे लिए सर्वोपरि हैं। बिजली उपभोक्ताओं के साथ अगर आप का व्यवहार नहीं सुधरता है तो सीधे ऊर्जा मंत्री से ही बात करूंगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बिजली उपभोक्ता किसानों व्यापारियों नागरिकों के साथ है । बिजली कंपनी के अधिकारियों की मनमानी नहीं चलने देंगे जरूरत पड़ती है तो अधिकारियों को जिले से बाहर भी करा देंगे । बीते दिनों से लगातार विद्युत वितरण कंपनी के ग्रामीण और शहर के कार्यालय में पहुंचने वाले बिजली उपभोक्ता नागरिकों के साथ विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने और समस्याओं से संबंधित आवेदन नहीं लिए जाने सहित गाली गलौज करने की शिकायत लगातार विधायक सुदेश राय को अनेक नागरिकों जन-प्रतिनिधियों के द्वारा मिल रही थी। बीते दिनों कुछ मामलों के वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुए थे जिसमें विद्युत कंपनी के अधिकारी महिलाओं से बदतमीजी करते हुए दिखाई दे रहे थे। शिकायत मिलने के बाद विधायक सुदेश राय ने दोनों जिम्मेदार विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को अपने लीशा टॉकीज स्थित कार्यालय बुलाया और अपने अंदाज में समझाइश दी।

### खेलो इंडिया के तहत 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा सांसद खेल महोत्सव

**सीहोर।** भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट (खेलो इंडिया) तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। खेल महोत्सव-2025 के तहत 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक ग्राम, मंडल तथा जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागी 20 सितंबर तक पंजीयन करा सकते हैं। इस आयोजन का उद्देश्य युवा, दिव्यांग, वृद्धजनों सहित सभी प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित एवं प्रेरित करना, ग्रामीण तथा शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करना और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देना है। इस संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. ने गत दिवस सांसद खेल महोत्सव के जिला, मंडल एवं पंचायत स्तर पर सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आगामी 20 सितम्बर तक अधिक से अधिक प्रतिभागियों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। पंजीयन के लिए विभाग द्वारा क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसे स्कैन करके जानकारी भरकर प्रतिभागी आसानी से अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही प्रतिभागी वेबसाइट www. sansadkhelmahotsav.in पर भी पंजीयन कर सकते हैं।

## मंडी बोर्ड का 62 साल वाला नियम तुलावटियों के लिए पैदा कर रहा परेशानी, पेंशन-सुविधा न होने से गुस्सा बढ़ा, आदेश के बाद विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की कृषि उपज मंडियों में काम करने वाले तुलावटियों को 62 वर्ष की आयु पूरी होते ही काम से हटाया जा रहा है। मंडी बोर्ड के इस आदेश के बाद तुलावटियों में नाराजगी देखी जा रही है।

तुलावटियों का कहना है कि जब उन्हें कर्मचारी नहीं माना जाता, न वेतन मिलता है और न ही पेंशन जैसी सुविधा, तो फिर रिटायरमेंट का नियम क्यों लागू किया गया। इस फैसले से उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है।



#### 2014 से नियम लागू

तुलावटी मंडी में किसानों की उपज जैसे सोयाबीन, गेहूं, चना, लहसुन, प्याज, धान, मक्का, बाजरा, ज्वार और मूंग की तुलाई का काम करते हैं। वे मजदूर वर्ग में आते हैं और मेहनताना पर निर्भर रहते हैं। मंडी बोर्ड ने वर्ष 2014 से यह नियम लागू किया है कि 62 साल की उम्र पूरी करने वाले तुलावटियों को मंडी में काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उन्हें सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा।

#### कर्मचारी नहीं मानते, फिर रिटायरमेंट कैसे

तुलाई करने वाले हम्माल बाबूलाल का कहना है कि जब मंडी बोर्ड हमें अपना कर्मचारी मानता ही नहीं, न पेंशन देता है और न ही अन्य सुविधाएं, तो फिर उम्र की सीमा और रिटायरमेंट का नियम क्यों लगाया जा रहा है। उनका कहना है कि पहले ऐसा कोई नियम नहीं था और तुलावटी अपनी शारीरिक क्षमता तक काम करते थे।

मंडी में तुलाई का काम करने वाले सरजू प्रसाद ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंडी चौपाल का गठन कर तुलावटों और हम्मालों को आश्वासन दिया था कि उनकी उम्र पर कोई रोक नहीं लगेगी। लेकिन इसके बावजूद मंडी बोर्ड ने नियम बनाकर 62 साल में जबरन काम से हटाने का आदेश लागू कर दिया। इस वजह से तुलावटियों में असंतोष और बढ़ गया है।

### तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें : तपन भौमिक

# आर्यावर्त विश्वविद्यालय के तृतीय स्थापना दिवस पर दीक्षारंभ और शिक्षक सम्मान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आर्यावर्त विश्वविद्यालय, सीहोर में दीक्षारम्भ एवं तृतीय स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हुआ। आयोजन में छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था। समारोह का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा के नवाचार से अवगत करना और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना था। साथ ही जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। मुख्य अतिथि चिकित्सा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के मंत्र "उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए" को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने भारतीय संस्कृति में ब्रह्मास्त्र और पुष्पक जैसी परिकल्पनाओं का उल्लेख करते हुए शिक्षा को धर्म की जय, अधर्म के नाश और विश्वकल्याण से जोड़कर समझाया। विशिष्ट अतिथियों के मार्गदर्शन में तपन भौमिक ने राष्ट्रीय




स्वयंसेवक संघ से संबोधित करते हुए कहा, तेरा वैभव अमर रहे माँ, हम दिन चार रहें न रहें। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि पढ़ने का कोई विकल्प नहीं है और शिक्षा से बचा नहीं जा सकता। पढ़ो पढ़ो और पढ़ो। इसके साथ ही विधायक सुदेश राय और दीपंकर बनर्जी (शिक्षाविद) ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया। विधायक सुदेश राय ने कहा कि सीहोर में आर्यावर्त विश्वविद्यालय का होना जिले के लिए गौरव की बात है। वहीं, दीपंकर बनर्जी ने दिव्यांग छात्रों की शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि उनके लिए शीघ्र ही नए कोर्स प्रारंभ किए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन की भूमिका समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह गौतम ने की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाना है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन से हुई। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई शिक्षा नीति और गुरुकुलम की परिकल्पना को भारतीय संस्कृति की पुनःस्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. नरेंद्र लारिया, मुख्य प्रबंधन अधिकारी बृजेश पाटीदार, एलएनसीटी के कुलगुरु डॉ. नरेंद्र थापक, तथा कमलाकर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समा बांध दिया। कार्यक्रम में नारी की शक्ति, किसान को श्रद्धांजलि और भारत की मुस्कान जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. दीपक राज तिवारी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों के अभिभावकों तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन प्रो अफशा अली ने किया।

### पाइप लाइन फटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद: कुछ दिन पहले भी पाइप लाइन हुई थी डैमेज



**सीहोर।** बस स्टैंड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास पेयजल की मुख्य पाइपलाइन फट गई। इस कारण हजारों लीटर पानी सड़कों पर बह गया। जबकि इस साल बारिश भी कम हुई है और पानी की किल्लत बनी हुई है।

**लीकेज से बहा हजारों लीटर पानी :** जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह अचानक पेयजल लाइन में बड़ा लीकेज हो गया। राहगीरों ने पानी बहते देखा तो तुरंत अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ। इतनी देर में हजारों लीटर पानी बर्बाद होता रहा।

**पहले भी पाइपलाइन फटने से हुआ था लीकेज :** लोगों का कहना है कि इससे पहले भी मछली पुल से रेलवे स्टेशन मार्ग पर मुख्य पाइपलाइन फटने से बड़ी मात्रा में पानी बह चुका है। बार-बार हो रहे ऐसे हादसों से पेयजल संकट और गहरा सकता है।

गौरतलब है कि सीहोर में इस बार मानसून कमजोर रहा। जिले में अब तक 976 एमएम बारिश हुई है, जबकि पिछले साल 1036 एमएम दर्ज की गई थी। इसके बावजूद शहर में रोज पानी नहीं मिल पा रहा और एक दिन छोड़कर सप्लाई दी जा रही है। ऐसे हालात में हजारों लीटर पेयजल का यूं बह जाना हैरान करने वाला है।

## खबर संक्षेप



### निर्माणाधीन भवन स्थल का किया निरीक्षण

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने सीहोर कलेक्ट्रेट परिसर में बनाए जा रहे सामाजिक न्याय विभाग के निर्माणाधीन भवन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उपयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को विभाग द्वारा निर्माण कार्य से संबंधित तय मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी समय-समय पर निर्माण कार्य एवं निर्माण सामग्री का परीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रमुख सचिव सोनाली पोंक्षे वायंगणकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय नवजागरण पार्टी का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**सीहोर।** राष्ट्रीय नवजागरण पार्टी के सीहोर जिलाध्यक्ष कमलेश आर्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आज दिनांक 20 सितम्बर 2025, शनिवार को दोपहर 12 बजे सीहोर मुख्यालय के नया बस स्टेण्ड होटल एंजिल के पास एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम शुरु होने के पूर्व जनमानस की सुख समृद्धि के लिये यज्ञ किया जायेगा एवं ईश्वर से पूर्ण जल वृष्टि की कामना के लिये भी प्रार्थना की जावेगी। सम्मेलन में पार्टी की रिति निती के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया जायेगा। अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की जावेगी एवं पार्टी के विस्तार हेतु कार्ययोजना तैयार की जावेगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.पी.दुबे पूर्व सचिव मध्य प्रदेश विधानसभा, प्रदेश अध्यक्ष जी.डी.बड़ोदिया पूर्व संयुक्त संचालक वित्त विभाग, महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री उमा भार्गव पूर्व संयुक्त संचालक जनसम्पर्क विभाग, महिला मोर्चा प्रदेश सचिव डॉ.विद्या आर्य, सुरेंद्र बछले महासचिव मध्य प्रदेश, ओ.पी. पंथी, राज्य सचिव राजेंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष नर्मदा पुरम, राजकुमार पटेल मंडल अध्यक्ष, बाबई सुहागपुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगें। उक्त बैठक में सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकगणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर बैठक कर चुके हैं अफसर

# चेतावनी: हटा लें अस्थायी अतिक्रमण नहीं तो कार्रवाई के लिए रहें तैयार

**उल्लेखनीय है कि मुख्य मार्ग पर बने फुटपाथ पर दुकानदारों ने अपना सामान जमा रखा है। जिससे बाजार में यातायात व्यवस्था चरमरा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

नगर के मुख्य बाजार और सड़क पर अस्थायी अतिक्रमण के चलते न केवल सड़क सिकुड़ गई हैं बल्कि हर रोज जाम की स्थिति बन रही है और घटना दुर्घटनाएं भी घटित हो रही हैं इससे निजात दिलाने के लिए नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाने का प्लान तैयार कर लिया है। हालांकि नगर परिषद ने दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा किए अस्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए 24 घण्टे का समय दिया है जिसको लेकर नगर परिषद द्वारा बाजार में मुनादी करवाई गई है इसके बाद नगर परिषद सख्ती से कारवाई करते हुए अतिक्रमण हटाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्य मार्ग पर बने फुटपाथ पर दुकानदारों ने अपना सामान जमा रखा है। जिससे बाजार में यातायात व्यवस्था चरमरा रही है। वहीं हर दिन जाम के हालात बन रहे हैं नगर परिषद अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रयास कर चुकी है, लेकिन नालियों और फुटपाथ से अस्थायी अतिक्रमण दुकानदार हटाने को लिए तैयार नहीं है। जिसको लेकर इस बार प्रशासन सख्ती से कारवाई करने के मूड में है।




### अतिक्रमण हटाने को लेकर बैठक कर चुके हैं अफसर

गुरूवार को तहसील कार्यालय में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक बुलाई गई थी जिसमें आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने एवं साथ ही नगर से जुड़े अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई जिसको लेकर एसडीएम डीएस तोमर ने सड़कों पर अस्थाई अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही है इसके पूर्व एसडीएम ने नगर परिषद अधिकारियों के साथ व्यापारी संघ अध्यक्ष और दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने को लेकर बैठक कर चुके हैं बैठक के दौरान 24 घंटे समय दुकानदारों का दिया गया था। इस दौरान कहा गया था कि अतिक्रमण स्वेच्छा से हटा लें वरना प्रशासन द्वारा इस बार सख्ती से कारवाई की जायेगी

इस मामले में मुख्य नगरपालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी ने बताया कि व्यापारी और दुकानदारों को अस्थायी अतिक्रमण हटाने के 24 घंटे का समय दिया गया है। जिसमें शुक्रवार को बाजारों में मुनादी भी कराई है स्थानीय प्रशासन ओर पुलिस के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएंगे।

## संदीप यादव मटटठागांव युवा महासंघ अध्यक्ष व वरिष्ठ महासंघ के अध्यक्ष बने आलोक यादव सेमरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

भारतीय विद्या मंदिर स्कूल रेहटी परिसर मे यादव महासंघ की बैठक प्रेम नारायण यदुवंशी की अध्यक्षता पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष आसाराम यादव मुख्यअतिथि रामसजीवन यादव, कैलाश पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें बुधनी विधानसभा के बड़ी संख्या में सर्व यादव यदुवंशी अहीर समाज के लोगों ने भाग लिया जिसमें यादव महासंघ एवं युवा यादव महासंघ का का गठन किया गया।

जिसमें सर्वसम्मति से संदीप यादव को युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं सात सदस्य केंद्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर यादव समाज के गौरव आसाराम जी यादव द्वारा समाज के सभी लोगों को एक जुट होकर संगठित होने पर बोल दिया शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों पर समाज जनों का ध्यान देने पर बल दिया। राम सजीवन यादव द्वारा यादव समाज के लोगों बुधनी सहित अन्य दो-तीन विधानसभाक्षेत्र में बड़ी संख्या में यादव मतदाता के रहने के वावजूद राजनीतिक रूप से पिछड़ा हुआ है, चंद हजार अन्य समाज के लोगों को कैबिनेट मंत्रियों का दर्जा दिया गया ? जबकि यादव समाज के लोग हमेशा उपेक्षित रहे इसलिए हमें संगठित रहने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर विनय यादव, डॉक्टर आर. के .यादव स्वरूप पटेल , नरेंद्र यादव, पत्रकार गौरी शंकर यादव, प्रदीप पटेल, कैलाश यादव, गुरुदयाल यादव पत्रकार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**बुधनी।** गुरुवार को तहसील कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिती बैठक आयोजित की गई जिसमे मुख्य रुप से एसडीएम डीएस तोमर,एसडीओपी रवि शर्मा,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय,हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सतीश गुप्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान एसडीएम डीएस तोमर ने उपस्थित जनों को निर्देश दिए की सभी अपनी अपनी झांकियों पर विधिवत रूप से विद्युत कनेक्शन करवाएं जिस से किसी तरह की घटना दुर्घटना ना हो नवरात्रि पर्व के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की पूर्व




सूचना लिखित रूप में पुलिस, प्रशासन को दें।

जिससे वहां पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था की जा सके दुर्गा पंडाल कुछ इस तरह से स्थापित किए जाएं जिससे यातायात बाधित न हो विसर्जन कुंड नर्मदा तट के पास ही बनाए जाएंगे जहां विधिवत रूप से प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। रात्रि दस बजे के बाद तीव्र ध्वनि वर्जित रहेगी यानी साउंड सिस्टम नियम अनुसार ही चलाए जाएं जिससे आमजन को परेशानी ना हो हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने मांग की कि पर्व के दौरान स्थापना स्थल और चल समारोह में अश्लील गाने बजाए जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि समितियां के अध्यक्ष और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान बैठक में शामिल एसडीओ वन सुकृति ओसवाल, सीएमओ संतोष रघुवंशी, उप निरीक्षक संदीप जाट जेई एमडी उईके, साहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## ट्राइडेंट ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

स्वस्थ्य लोग समृद्ध समाज की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाऊंडेशन द्वारा मधुबन अस्पताल के सहयोग से ग्राम जोशीपुर में शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय की ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमेन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता एवं सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में निरन्तर निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अलग-अलग बीमारियों के विषय विशेषज्ञ मौजूद रहते हैं इसी क्रम में ग्राम जोशीपुर के पंचायत भवन में आयोजित शिविर में125 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया वहीं बीपी,शुगर और




हीमोग्लोबिन की जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया गंभीर मामलों के लिए रेफरल और मोबाइल एंबुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध रहीं वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा आवश्यक दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया इस अवसर पर सीएसआर टीम से अरविंद गिरी, सुबेश तिवारी, पीआरओ अरविंद, डॉ दीपिका राजपूत, डा धनराज सीएचओ गायत्री, पैरामेडिकल स्टाफ, सरपंच, सचिव और वालंटियर मौजूद रहे इस अवसर पर ट्राइडेंट के प्रवक्ता ने बताया कि हम ग्रामीण भारत के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं और आगे भी इन शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को घर-घर पहुंचने के लिए कृत संकल्पित हैं।

## जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ ने किया स्वास्थ शिविर का आयोजन

**सीहोर।** प्रधानमंत्री मोदी जी के 75 वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े के तहत आज जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ सीहोर के द्वारा सुभाष हायर सेकेंडरी स्कूल में कैंप लगाया गया। जिला संयोजक डॉक्टर गगन नामदेव ने बताया कि लगभग 150 बच्चों में सो बालिका और 50 बालकों का हेल्थ चेकअप कैंप किया गया और डेंटल हेल्थ चेकअप कैंप किया गया। इस चेक अप कैंप में कन्याओं का दांतों का मुंह का चेकअप करके उनको दवा वितरित की गई एवं पेस्ट और गर्गल दिए गए। साथ ही कन्याओं का हीमोग्लोबिन भी टेस्ट किया गया। उनका वजन नापा गया, जिनका हीमोग्लोबिन कम था उनको दवाई वितरित करी गई। इसी तरह छात्रों को ओरल हेल्थ चेकअप परीक्षण करके उनको पेस्ट और गल दिए गए और सभी को ओरल हेल्थ के बारे में जागरूकता दी गई की कैसे ओरल हेल्थ को सही रखकर हमारे शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है साथ ही रेगुलर दो बार ब्रश करने की सलाह दी गई। इसके साथ उनको नशा मुक्ति अभियान के तहत उनको किसी भी तरह के नशे से दूर रहने की सलाह जैसे गुटखा, पाउच, जर्दा और अल्कोहल ऐसी सलाह दी गई और उनको समझाया गया कि आपके परिवारों में भी यदि कोई तंबाकू का सुपारी का गुटके का यह दारू का सेवन करता है तो उसको छुड़वाएं। इस अवसर पर डॉक्टर गगन नामदेव ने सुभाष स्कूल के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षक गणों का बहुत आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपने स्कूल में कैंप अरेंज




कराया और बच्चों को स्वस्थ रहने की सलाह इस कैंप के माध्यम से मिली कैंप में आए मुख्य अतिथि सीहोर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदेश राय द्वारा कैंप का शुभारंभ किया गया एवं अतिथि सीताराम यादव, राजकुमार गुप्ता, विपुल चांडक, राजेश राठौर, प्रीतम वर्मा, कनीराम द्वारा हीमोग्लोबिन और वजन की जांच की गई एवं रेड क्रॉस के सचिव विपुल चांडक मौजूद रहे रेड क्रॉस द्वारा भी दवाइयां का वितरण किया गया। रेड क्रॉस के सदस्य डॉक्टर मनोज सक्सेना भी मौजूद थे ।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक वृक्ष मां के नाम पोधरोपण कर सेवा पखवाड़ा मनाया

**भैरुंदा।** 17से 2अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत लाड़कुई ग्राम पंचायत वाटिका में मंडल अध्यक्ष पवन मीणा के नेतृत्व में 'एक वृक्ष मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर उनकी देख भाल करने बड़े होने तक शपथ ली। पौधरोपण के दौरान लाड़कुई मंडल अध्यक्ष पवन मीणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह ठाकुर, कैलाश माहेश्वरी, अमरसिंह मीणा, सुरेश माहेश्वरी, गोलू ठाकुर, सरपंच स्वरूप बनवारी, रितेश ठाकुर, गोविन्द मीणा नरेंद्र टांडी, हरिओम प्रजापति, सुरेश शर्मा , दीपक माहेश्वरी, राजेश बागवान, अंकित वर्मा, सहित वरिष्ठ भाजपा नेता, कार्यकर्ता गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर



लाड़ कई मंडल अध्यक्ष पवन मीणा ने बताया कि देश के लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ,17 से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत ग्राम पंचायत वाटिका में एक पेड़ मां के नाम का लगाकर उसकी सुरक्षा करने ओर बड़ा होने तक देखभाल करने की शपथ दिलाई गई।

## स्वास्थ्य शिविर में महिला और किशोरियों की जांच कर दवाई का वितरण किया

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजन, जांच और दवाई एक जगह मिली






हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं और किशोरियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर के साथ ही रक्त दान शिविर, सेवा पखवाड़ा , एक पेड़ मां के नाम , आयुष्मान कार्ड वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किए गये । स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं , किशोरियों व अन्य लोगों सहित कुल 629 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच कर दवाई वितरित की गई। इसी दौरान रक्तदान शिविर में 49 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। आयोजित शिविर राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ जबकि भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सुराना, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, भूपेंद्र सिंह सिसोदिया के विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा की सरकार द्वारा लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं। नगर में ही करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण , नादान रोड़ पर स्थित तालाब के समीप सुंदर व सुव्यवस्थित पार्क का निर्माण किया गया है। इसके अलावा जल्दी ही गिलावनी माता मंदिर परिसर में भी पार्क का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम में श्री कैलाश सुराना , भूपेंद्र सिंह सिसोदिया , देवेंद्र वर्मा,अतिराजसिंह खींची, मनीष विश्वकर्मा, शुभम यादव, तेजपाल नागर, राकेश वर्मा सहित कई भाजपा कार्यकरता एवं अधिकारी, कर्मचारी, हॉस्पिटल स्टॉप आदि मौजूद था

### शिविर में दवाई और जांच दोनों की सुविधा मिली

शिविर में जिला चिकित्सालय के हड्डी रोग विशेषज्ञ , स्वास रोग विशेषज्ञ , नेत्र रोग विशेषज्ञ , नाक , कान , गला रोग विशेषज्ञ सर्जरी विशेषज्ञ, मेडिकल एवं महिला रोग विशेषज्ञों द्वारा महिला और किशोरियों के साथ ही अन्य पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच कर दवाई वितरित की गई। महिला और किशोरियों के अलावा गंभीर बीमारी व मोटापे से पीड़ित एवं बीपी, शुगर के पुरूषों की भी जांच की गई। गौरतलब है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त नेतृत्व में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 17 सितम्बर से आरंभ होकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जन्मदिन तक जारी रहेगा।

## महाराजाधिराज अग्रसेन जी की 5249 वीं जयंती महोत्सव, आज लगाया जाएगा श्री अग्रसेन आनंद मेला

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी के वंशज, अग्रकुल प्रवर्तक व समाजवाद के प्रणेता श्री श्री 1008 महाराजाधिराज अग्रसेन जी की 5249 वीं जयंती महोत्सव 22 सितम्बर सोमवार तक अत्यंत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

समस्त अग्रबन्धुओं से अनुरोध है कि इस शुभअवसर पर आयोजित समस्त कार्यक्रमों में सपरिवार उपस्थित होकर महोत्सव को भव्यता एवं अग्रवंश की गरिमा को अभिवृद्धि प्रदान कर अग्र एकता का परिचय दें। महोत्सव के अंतर्गत अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं शनिवार को श्री अग्रसेन आनंद मेला लगाया जाएगा। रात्रि सात बजे आरंभ होगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता और अग्रवाल महिला मंडल की सचिव मोहिनी अग्रवाल ने बताया कि आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता प्रथम स्थान शिल्पी गुप्ता, दूसरा स्थान पूनम गुप्ता और तीसरा स्थान प्रज्ञा गुप्ता इसके अलावा किड मोम प्रतियोगिता आकांशा अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल आदि ने स्थान प्राप्त किया।

**सीहोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड,**
**सीहोर मनकामेश्वर मंदिर के सामने, तहसील चौराहा, सीहोर**

**-: वार्षिक साधारण आम सभा की सूचना :-**

बैंक के समस्त माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता हैं कि 42 वीं वार्षिक **साधारण आमसभा दिनांक 21.09.2025 दिन रविवार समय दोपहर 12 बजे स्थान- होटल पार्वती पैलेस, तहसील चौराहा, सीहोर** में आयोजित की गई हैं समस्त सदस्यों को आमसभा की सूचना पृथक से डाक द्वारा भेजी जा चुकी हैं। । कृपया समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें। आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय हैं।

**प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक**
सीहोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, सीहोर

## घर पहुंची पुलिस के साथ की गाली-गलौज, हाथापाई पर हुए उतारू

# चेक बाउंस मामले पर भाजपा नेता पहुंचे पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

**चेक बाउंस के मामले में राजगढ़ की शिवधाम कालोनी घर पर पहुंची ब्यावरा देहात थाने की पुलिस पर भाजपा नेता का गुस्सा फूट पड़ा। गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस पर भाजपा नेता ने गाली-गलौज करते हुए सरकार और कानून हमारे हाथों में होने की बता करते हुए बहुत कुछ कह दिया जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।**



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम मंडलोई पर 9 लाख रुपए का चेक बाउंस का मामला था जिसमें चार माह पहले ही उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था जिस पर पुलिस कार्रवाई करने पहुंची थी। इस बारे में जब भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिह गुर्जर से बात की गई तो उन्होने इस बात पर अनभिज्ञता जाहिर की। हालांकि देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिनको बाद में जमानत पर छोडा गया। वहीं श्याम मंडलोई से बात करने की लगातार कोशिश की गई परंतु उनसे परिजन फोन उठाते रहे उनसे बात नहीं हो पाई।

### ब्यावरा देहात थाने से पहुंची थी पुलिस टीम

भाजपा नेता की राजनीतिक दबाव में कई महिने मामले को टालने के बाद आखिरकार पुलिस को कार्रवाई करना ही पडी जिसमें एएसआई कैलाशचंद व्यास, पुदुम्न अहिरवार ,प्रधान आरक्षक बिंदु सिंह एवं आरक्षक रवि मौर्य की टीम राजगढ शिवधाम श्याम मंडलोई के घर पर पहुंची थी। इस कार्रवाई के दौरान गाली-गालौच व धक्का-मुक्की के कारण पुलिस टीम का भी मेडिकल परीक्षण करवाया गया है।

### नेता बोले- हमारी सरकार है तुम्हारी क्या औकात

घर पर पहुंची ब्यावरा पुलिस की टीम पर नेताजी इतने भड़क गए की वह अपना आपा ही खो बैठे और चिल्लाते हुए पुलिस से बोले की हमारी सरकार है और तुम्हारी क्या औकात है जो तुम मुझे गिरफ्तार करोगे। घर की महिलाओ ने भी पुलिस टीम के साथ अभद्रता की।

### पूर्व ऊर्जा मंत्री बोले - इन्हें लगता है पुलिस इनकी गुलाम है

वहीं कांग्रेस सरकार में ऊर्जा मंत्री रहे प्रियव्रत सिंह ने भी भाजपा नेता की इस करतूत पर टिप्पणी करते हुए कहा की भाजपा की आदत है कि इस तरह का व्यवहार करती है जैसे पुलिस इनकी गुलाम हो और कानून का राज खत्म हो गया हो।

# असम से आए दल ने समझी 'हर घर, नल से जल' व्यवस्था

## अधिकारी बोले-अपने राज्य में अपनाएंगे जल सप्लाई यह मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जल जीवन मिशन के तहत जिले के ग्रामों में की जा रही जल सप्लाई व्यवस्था को देखने और 24 घंटे जल सप्लाई के नवाचार की बारीकियां समझने गुरुवार को असम के पीएचई विभाग के अधिकारियों का एक दल राजगढ़ पहुंचा।

दल के सदस्यों ने सबसे पहले 'मोहनपुरा परियोजना के अंतर्गत डब्ल्यूटीपी प्लांट पहुंचकर वॉटर प्यूरीफिकेशन और फिल्टरेशन की व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान दल में शामिल असम लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रतुल चैधरी, संजीव पाठक सहित अन्य अधिकारियों ने स्क्वाडा सिस्टम को बारीकी से जाना। साथ ही उन्होंने असम राज्य और मप्र राज्य में वॉटर प्यूरीफिकेशन और फिल्टरेशन की प्रक्रिया के अंतर और पम्पिंग में भिन्नता भी बताई। इस अवसर पर जल निगम राजगढ़ के महाप्रबंधक एस.के. जैन ने दल के सदस्यों को प्रदेश में नवाचार की मिसाल बने जिले के 40 गांवों में शुरू की गई 24 घंटे जल सप्लाई की विशेषताओं और चुनौतियों की जानकारी भी दी।

### अपने राज्य में भी शुरू करेंगे ऐसा नवाचार

इसके बाद दल के सदस्य जिले के नियमित जल सप्लाई वाले पहले गांव कुंडीबे भी पहुंचे। जहां उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से 24 घंटे सप्लाई के कारण ग्रामीणों की संतुष्टि देख इस योजना की सराहना की। साथ ही असम राज्य में इस तरह के नवाचार शुरू कराने की बात भी कही। दल सदस्यों ने गोरखपुरा डब्ल्यूटीपी प्लांट का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर डिप्टी मैनेजर टेक्निकल कुंडलिया सचिन दांगी, ओएंडएम डीटीएल सत्येंद्र जैन, प्रभारी टीएलयोगेंद्र सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षिका ने साइबर सेल एवं बैंक प्रबंधन पहुंचकर की लिखित

# 'एपीके' फाइल डाउनलोड होते ही शिक्षिका के खाते से उड़े डेढ़ लाख

## ऑटो डाउनलोड मोड पर था वाट्सएप, स्वतः डाउनलोड हो गई खतरनाक फाइल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

साइबर अपराधों से जुड़े बदमाश इन दिनों लोगों को 'एपीके' जैसी खतरनाक फाइलें भेजकर चूना लगा रहे हैं। जिन लोगों के मोबाइल का वाट्सएप ऑटो डाउनलोड मोड पर होता है, उनके मोबाइल में ये फाईलें स्वतः ही डाउनलोड हो जाती हैं और लोग धोखाघड़ी का शिकार होकर अपनी गाड़ी कमाई का पैसा लुटा बैठते हैं।

राजगढ़ के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डाइट) में पदस्थ एक शिक्षिका के साथ भी ऐसा ही हुआ। उनका मोबाइल ऑटो डाउनलोड मोड पर होने से अज्ञात व्यक्ति द्वारा अननोन नंबर से भेजी गई 'डॉट एपीके फाइल' स्वतः ही डाउनलोड हो गई और बगैर किसी तरह की ओटीपी दिए संबंधित शिक्षिका के खाते से अलग-अलग दिनांकों में डेढ़ लाख रुपए की राशि फ्राडर्स के खातों में ट्रांसफर हो गई। अब पीड़िता शिक्षिका ने इस बारे में जिले की सायबर सेल एवं बैंक प्रबंधन में शिकायत करते हुए अकाउन्ट से कटी राशि वापस दिलवाने की मांग की है।

### 50-50 हजार करके तीन बार में कटे डेढ़ लाख रुपए

संबंधित शिक्षिका ने बताया पहले अननोन नंबर से एसबीआई के लोगो वाली डीपी से 'एपीके' फाइल स्वतः डाउनलोड हो गई क्योंकि वाट्सएप ऑटो डाउनलोड मोड पर था। यह 'एपीक' फाइल डाउनलोड होने के बाद बगैर कोई ओटीपी के बताए 11,12 एवं 13 सितंबर को उनके खाते से तीन बार में 50-50 हजार रुपए की राशि अन्य खाते में ट्रांसफर हो गई। जब उन्होंने बैलेंस चेक किया तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाघड़ी के बारे में मालूमात हो पाई जिसके बाद उन्होंने सायबर सेल और बैंक प्रबंधन पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई।

### अन्य लोगों को आपके नंबर से जाने लगते हैं मैसेज

एपीके फाइल आपके मोबाइल में डाउनलोड होने पर आपका मोबाइल हैक हो जाता है। इसके उपरान्त आपके ही नंबर से विभिन्न वाट्सएप ग्रुपों सहित पसर्नली लोगों को किसी भी बैंक या विश्वसनीय फाईनेंसशियल कंपनी के फर्जी पत्र के साथ एपीके फाईल डाउनलोड करने के लिए भेजी जाती है। ऐसे में जरूरी है कि आपके वाट्सएप का ऑटो डाउनलोड मोड बंद होना चाहिए ताकि कोई भी फाईल बगैर क्लिक करे स्वतः डाउनलोड न होने पाए।

### इनका कहना है...

जो भी व्यक्ति वाट्सएप यूज करता है, उसे ऑटो डाउनलोड मोड बंद कर देना चाहिए ताकि फ्राड से संबंधित फाईल अपने आप डाउनलोड न होने पाए। किसी भी व्यक्ति को अपने मोबाइल में 'डॉट एपीके' फाईल डाउनलोड या इन्सटॉल नहीं करनी चाहिए। इस तरह की फाईल मोबाइल के मेलवेयर में चली जाती हैं और मोबाइल का कन्ट्रोल सायबर अपराधियों के पास पहुंच जाता है जिससे किसी भी तरह की धोखाघड़ी हो सकती हैं।

**- शकील अंजुम**
सायबर एक्सपर्ट, राजगढ़

# कथा का श्रवण जीवन में परिवर्तन लाता है- पं. नागर

## श्रीमद्भागवत कथा का महाप्रसादी के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नगर के व्यापारी नवीन अग्रवाल द्वारा माता-पिता की स्मृति में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था जो गुरुवार को महाप्रसादी के साथ समापन हुआ। सात दिवसीय इस कथा में मुख्य यजमान सौम्या यश अग्रवाल थे वही भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पंडित नरेन्द्र नागर ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रमुख बाल लीलाओं में मक्खन चोरी, गोवर्धन लीला के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने छोटी उंगली पर पूरा पर्वत उठा लिया था। उन्होंने कहा कि कथा का श्रवण करने से मन शुद्ध होता है और जीवन में परिवर्तन लाता है। कथा के दौरान सुमधुर भजन की प्रस्तुति दी गई। गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस सुदामा चरित्र एवं भक्त भगवान का मिलाप, परिक्षित मोक्ष कथा विश्राम, हवन, पूर्णाहूति एवं महाप्रसादी वितरण के साथ ही भण्डारे का आयोजन किया गया।

# आजीविका मिशन से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

## सेवा पखवाड़े के तहत आयोजन, विभिन्न विभागों का प्रयास

**राजगढ़।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सदृगुरू नेत्र संस्थान के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करवाया गया।



शिविर में न केवल महिलाओं को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया बल्कि नेत्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही महिलाओं को चश्मे इत्यादि भी वितरित करवाए गए। आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक संदीप सोनी ने बताया कि इस दौरान सीएलएफ विकासखंड राजगढ़ की साधारण सभा की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में सीएलएफ के वार्षिक बजट का अनुमोदन किया गया एवं सीएलएफ की वार्षिक कार्ययोजना बनाई गई। इसके साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट उपस्थितजनों को पढ़कर सुनाते हुए कार्यकारिणी के एक वर्ष के कार्यों की समीक्षा, कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा, मानदेय का अनुमोदन, नवीन केडर संबंधी कार्ययोजना तैयार की गई।

### शांति समिति बैठक हुई संपन्न

सुठालिया। बुधवार को आगामी त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रखी गई जिसमें झांकी पंडाल के सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक की मौजूदगी में रखी गई बैठक में नवरात्रि एवं दशहरा दहन के विषय पर चर्चा हुई जिसमें नगर में विद्युत लाईट एवं रावण दहन का समय 8बजकर 30 बजे पीला खाल स्थित पर होगा हर वर्ष की तरह पुलिस द्वारा व्यवस्था हर चैराहे एवं बड़े बाग गरबा स्थल पर रहेगी इस मौके पर उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोंधिया थाना प्रभारी प्रवीण जाट आशिष दूवे महेश पालीवाल ओम पालीवाल आकाश अग्रवाल दरोगा कुलदीप राठौर बी के तिवारी पवन सोलंकी राजू सोंधिया आदि उपस्थित रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा पर अस्पताल परिसर में जनप्रतिनिधियों ने झाडू लगाई



**जीरापुर।** नगर परिषद द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा एवं प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ शासकीय अस्पताल परिसर से प्रारंभ किया गया। स्वच्छता के साथ-साथ ग्रीन पार्क स्थल पर एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण भी किया गया। इस दौरान विधायक सहित जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद कर्मचारीयों ने झाडू लगाई। अस्पताल में मरीजों को विधायक हजारीलाल दांगी, अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व मंण्ड़ी अध्यक्ष कमल सिंह पवांर, पूर्व नपाध्यक्ष अध्यक्ष बलराम टांक, शिव मण्ड़लोई, ईश्वरसिंह तोमर, हेमंत जोशी, कमल झावा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, देवनारायण दांगी, ओंकार मंडलोई, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ सुनील चौरसिया, नगर परिषद कर्मचारी अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि ने फल वितरित किए। तथा विधायक के द्वारा आईएसएस घटक एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में सब्सिडी के संबंध जानकारी दी।

## फसलें खराब होने के कगार

# सारंगपुर में दो घंटे की बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



गुरुवार दोपहर 12 बजे से करीब दो घंटे तक हुई तेज बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया, जिससे कटी पड़ी सोयाबीन की फसलें खराब होने के कगार पर हैं।

जानकारी के अनुसार हराना, ईंचीवाड़ा, पटाड़िया डाबी, भैंसवामाता, साबरस्या, निपानिया तुला, दराना, कलाली, भूमका, भ्याना, खजुरिया हरि सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसान पहले ही पीला मोजेक वायरस और अफलन से जूझ रहे थे। ऐसे में यह नई बारिश उनकी बची हुई उम्मीदों पर भी पानी फेर रही है। किसानों का कहना है कि 15 दिन से मौसम साफ रहने के बाद फसल पकने पर कटाई शुरू की गई थी, लेकिन बारिश के कारण खेतों में पड़ी फसलें सड़ने का खतरा है। किसानों का कहना है कि सरकार को बीमा और राहत राशि के लिए जल्द कदम उठाना चाहिए, ताकि उनकी मेहनत पूरी तरह बर्बाद न हो।

## ग्रामों में पहुंचा सर्वे दल, क्रॉप कटिंग से होगी वास्तविक स्थिति की जांच



सारंगपुर। शासन के निर्देशों के तहत बुधवार को सारंगपुर के निकट ग्राम बालोडी में सर्वे दल पहुंचा। इस दौरान किसानों की फसलों का निरीक्षण किया गया। सर्वे दल में तहसीलदार आकाश शर्मा, कृषि विस्तार अधिकारी राजेश राजपूत, हल्का पटवारी राधेश्याम भिलाला, ग्राम सेवक राकेश परमार सहित ग्रामीणों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मौके पर तहसीलदार आकाश शर्मा ने कहा कि किसानों की फसलों की वास्तविक स्थिति का पता क्रॉप कटिंग से ही लगाया जा सकेगा। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों को शीघ्र ही क्रॉप कटिंग करने के निर्देश दिए। वही किसानों का कहना है कि समय पर सर्वे और क्रॉप कटिंग से उन्हें फसल नुकसान का सही आकलन मिल सकेगा और राहत राशि का लाभ भी समय पर मिल पाएगा।

## आनंद मेले में व्यंजनों का लुत्फ उठाया

## पांच दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ

**कालापीपल।** अग्रवाल समाज के प्रर्वतक महाराज अग्रसेन का जयंती पर्व इस बार भी अग्रवाल समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसके लिए आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को शाम 7 बजे महाराज अग्रसेन एवं मां लक्ष्मी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यहां लगे दो दर्जन स्टालों पर समाजजनों ने विभिन्न व्यंजनों का आंनद लिया। बच्चों के लिए लक्की गेम से लेकर गर्मागर्म व्यंजन एवं मिठाई स्टाल पर नजर आई। देर रात तक समाजजन यहां मौजूद रहे।



अग्रवाल समाज अध्यक्ष अनिल गर्ग, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू संजय अग्रवाल एवं नवयुवक मंडल अध्यक्ष अंकित गर्ग ने बताया कि शुक्रवार को महिलाओं एवं बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 7 बजे से आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए महिला एवं बच्चों द्वारा एक माह से ग्रुप डांस, लघु नाटिकाएं, फैंसी ड्रेस में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। सोमवार को महाराज अग्रसेन का चल समारोह निकाला जाएगा जो नगर के मुख्य मार्गों से निकलेगा।

## 400 से अधिक युवतियों, महिलाओं ने करवाया है पंजीयन

# 3 दिन तक चलेगा समर्पण गरबा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत वर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी चैत्र नवरात के तीन दिवसों में नजरबाग हनुमान सेवा समिति के तत्वावधान में समर्पण गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाने वाला है। स्थानीय राजमहल परिसर में 25 से 27 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस भव्य महोत्सव के लिए लगभग 400 से अधिक युवतियों, महिलाओं ने अपना पंजीयन करवाया है।



इस भव्य आयोजन के लिए बीते कईं दिनों से संस्कृति होटल में अभ्यास करवाया जा रहा है। स्थानीय सहित बाहर से बुलवाए गए 4 कोरियोग्राफरों द्वारा करवाई जा रही इस रिहर्सल में कईं कपल्स सहित महिलाएं उत्साह के साथ सम्मिलित हो रही हैं। वही इस बार प्रतिभागियों को अलग-अलग समूहों में बांटा गया है। पहले समूह में मातृशक्ति, दूसरे में कपल्स गरबा होगा एवं उसके उपरान्त सामुहिक गरबा भी खेला जाएगा। आयोजन समिति ने दर्शकों के बैठने हेतु भी सुव्यवस्थित अरेंजमेंट किया है।

**चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था:** कार्यक्रम की सुरक्षा को लेकर न केवल आयोजन समिति बल्कि पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। आयोजन स्थल राजमहल ग्राउंड में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। राजगढ़ पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्काउट-गाइड और विशेष रूप से बुलाए गए बॉडीगाड्र्स गरबे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सम्हालेंगे ताकि मातृ-शक्तियों के साथ कोई अभद्रता न करने पाए। इसके साथ ही गरबे में भाग ले रही महिलाओं, बालिकाओं और कपल्स की एंट्री केवल पास के जरिए ही होगी जिससे सुरक्षा और अनुशासन दोनों सुनिश्चित रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस बार के गरबे में अलग-अलग राज्यों की टीमें भी अपना परफॉर्मेंस देंगी। आयोजन को लेकर गत दिवस क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव ने भी रिहर्सल स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आयोजकों को आवश्यक सुझाव दिए।

## ईश्वर के सामने हाथ फैलाया तो किसी के सामने हाथ फैलाने कि आवश्यकता नहीं : पंडित अनुराग

**जीरापुर।** शिवमहापुराण कथा में पंडित अनुराग शर्मा आचार्य ने बताया कि ईश्वर शिव महादेव कीभक्ति बहुत आसान है भोले जल्दी ही अपने भक्तों पर कृपा कर देते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर के सामने हाथ फैलाया करो तो हमें किसी के सामने हाथ फैलाने कि आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कथा श्रवण करते समय हमारे पाप पास में नहीं होते हैं लेकिन कथा में से बीच में उठकर हम गये तो वह हमें विचलित करेंगे। कथा श्रवण में ईश्वर का नाम सुमिरण करते रहना चाहिए। राजा दक्ष के यहां सती का जन्म हुआ जो शिव भक्त थीं।सती शिव की भक्ति उपासना करतीं थीं।किसी भी तरह का घमण्ड़ या अभिमान हमारे लिए नुकसान का कारण बनता है।दक्ष प्रजापति को अभिमान आया था और उसका परिणाम भी उन्होंने भुगता है।कथा के माध्यम से बताया कि जिसका परिवार अच्छा उसके सप्ताह के सभी वार अच्छे होते हैं। शिव ऐसे भगवान है जो अपने से ज्यादा अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं।कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त महिलाएं कथा श्रवण कर भक्ति मय हो रही।

## खबर संक्षेप

### जनप्रतिनिधियों ने नमो पार्क का किया शुभारंभ



**जावर।** जावर नगर के नमो पार्क का शुभारंभ कर गुरुवार को 'एक पेड़ मां के नाम थीम पर नगर परिषद जावर द्वारा विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नगर परिषद पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने माँ के सम्मान में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि मां से बढ़कर इस संसार में कुछ नहीं है। यदि हम हर वर्ष अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाएं तो न केवल पर्यावरण को बचा सकते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण भी दे सकते हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वेध, धारा सिंह पटेल, बाबूलाल पटेल, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान, राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, मदन विश्वकर्मा एवं वीरेंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी ने भी पौधरोपण में भागीदारी कर अभियान को गति प्रदान की। क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें। वहीं उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य , अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने भी संकल्प लिया कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे और जावर नगर को हरा-भरा बनाने में सहयोग करेंगे।

### अपर कलेक्टर ने किया आंवलीघाट का निरीक्षण

**सीहोर।** अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने भूतड़ी अमावस्या के अवसर पर आंवलीघाट पर होने वाले आयोजन की व्यवस्थाओं के संबंध में नर्मदा आंवलीघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान और पूजा कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संचालित कराने के निर्देश दिए।

जिम्मेदारों के सामने ग्राम सिद्धिगंज के श्मशान घाट की हो रही दुरदर्शा

# श्मशान की हालत: किनी ने बनाया कचरा घर तो किसी ने कर लिया अवैध अतिक्रमण

शव यात्रा में आने वाले लोगों को बैठने तक की नहीं है जगह, चारो तरफ फैली है गंदगी और बदबू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



गांव के श्मशान घाट में चारों ओर गंदगी फैली हुई है। श्मशान घाट में जगह-जगह गोबर कचरे के घुड़े बने हुए हे श्मशान घाट में कीचड़ ही कीचड़ हो रहा है। ग्राम सिद्धि गंज में करीब 10 हजार के लगभग आबादी है। ग्राम सिद्धि गंज में मात्र एक ही श्मशान घाट है। ग्राम में अगर किसी की मृत्यु होती है तो अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट ले जाया जाता है। पर श्मशान घाट की इतनी खराब स्थिति है कि शव यात्रा में आने वाले लोगों को वहां पर बैठने तक की जगह नहीं है। देखा जाए तो चारों ओर घुंडे बने हुए हैं। क्षेत्र के लोग श्मशान घाट की जमीन पर ही जाकर कूड़ा करकट फेंकते हैं। जिस कारण श्मशान घाट में चारों ओर गंदगी ही गंदगी फैली हुई है। ग्राम पंचायत भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। वही कुछ लोगों द्वारा श्मशान घाट की जमीन पर भी कब्जा कर रखा है। जिम्मेदार भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्राम के राजेंद्र धरवा, महेंद्र सिंह, नंदकिशोर बागवान, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह आदि ग्रामीणों द्वारा बताया कि श्मशान घाट मैं इतनी गंदगी हो रही है कि जब किसी का अंतिम संस्कार करने जाते हैं, तब वहां पर ग्रामीणों को बैठने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्योंकि श्मशान घाट पर इतनी गंदगी फैली हुई है कि वहां पर बैठा ही नहीं जा सकता है। कुछ लोगों द्वारा श्मशान घाट की जमीन में गोबर व कचरे के घुड़े लगा दिए गए हैं। जिस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### नजर नहीं आता स्वच्छता अभियान

शासन प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान चलाकर नगर को स्वच्छ बनाने का संदेश देती है। वही ग्राम सिद्धिगंज में देखा जाए तो श्मशान घाट में कभी भी स्वच्छता अभियान नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम के श्मशान घाट को स्वच्छ क्यों नहीं बनाया जा रहा। वहां पर इतनी गंदगी व कीचड़ क्यों फैला हुआ है। श्मशान घाट की जमीन को अतिक्रमण मुक्त क्यों नहीं किया जा रहा। श्मशान घाट में जो



कूड़ा करकट घुडे लगा रहे उन लोगों पर क्यों करवाई नहीं की जा रही है।

#### ग्राम पंचायत भी बनी लापरवाह

ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण श्मशान घाट में चारों ओर गंदगी फैली हुई है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही ग्राम सिद्धिगंज में श्मशान घाट और कब्रिस्तान दोनों एक ही जगह पर स्थित है। कब्रिस्तान और श्मशान घाट दोनों की एक ही स्थित है दोनों जगह पर गंदगी ही गंदगी फैली हुई है। ग्रामीण कब्रिस्तान और श्मशान घाट में गंदगी होने के कारण काफी परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे द्वारा कई बार क्षेत्र विधायक



एवं ग्राम पंचायत व जिला कलेक्टर को कई बार अवगत करा चुके हैं श्मशान घाट की गंदगी को साफ किया जाए एवं उसका सुंदरीकरण किया जाए ताकि ग्रामीणों को गंदगी का सामना न करना पड़े।

#### हमारे पास नहीं है बजट

श्मशान घाट की साफ सफाई की जाएगी। हमारे पास श्मशान घाट का निर्माण कार्य के लिए बजट नहीं है बजट आने पर निर्माण कार्य किया जाएगा। जिन लोगों ने अतिक्रमण किया है व घुडे लगाए हे उन्हें ग्राम पंचायत द्वारा नोटिस दिया जाएगा।

**महेंद्र सिंह काजले,** सरपंच सिद्दीकगंज

# लघु नाटिका से विद्यार्थियों ने किया जागरूक

मार्टिनेट स्कूल में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्वच्छता सभ्य मानव समाज का अनुशासन है। इसे जरूरी आदत बनाकर हमें केवल इसे अपने घर तक सीमित न रखते हुए, हमारे आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ और शुद्ध रखना चाहिये। यह हमारा प्रमुख नागरिक कर्तव्य भी है।

स्वच्छता अपनाकर हम प्रदूषण और कई बीमारियों से बच सकते हैं और एक विकसित समाज तथा राष्ट्र का निर्माण कर सकते है। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान नगर के अलीपुर क्षेत्र में संचालित मार्टिनेट कॉन्वेन्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित एक आयोजन में उक्त बातें विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही गई तथा स्वच्छता का महत्व समझाया गया। इस अवसर पर कुछ विद्यार्थियों ने उक्त विषय पर अपने विचार भाषण के रूप में व्यक्त किए। साथ ही मीडिल स्तर के विद्यार्थियो द्वारा स्वच्छता विषय पर एक लघुनाटिका भी अपनी शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में तैयार की गई थी। जिसका प्रभावशाली मंचन भी इस अवसर पर किया गया तथा इस लघुनाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों नें संदेश दिया कि जब कचरा गाड़ी आती है तो किस प्रकार का कचरा कहां डालना चाहिये और हर कहीं सड़कर पर कचरा डालने की आदत स्वास्थ्य को कितनी हानि पहुंचा सकती है। इस विषय पर भी इस लघुनाटिका के माध्यम से सभी को जागरूक किया गया। अंत में विद्यार्थियों नें स्वच्छता का महत्व समझते हुये शपथ ली कि वे अपने घर और बाहर स्वच्छता का पूरा ध्यान रखते हुयें पर्यावरण की रक्षा करेगें तथा स्वच्छता को अपनी आदत बनाते हुये अन्य लोगो को भी इसके बारे में जागरूक करेंगे। न तो गंदगी फैलायेगें न फैलाने देगें।

### विधायक ने छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

**आष्टा।** सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावि में त्रैमासिक परीक्षा में समस्त कक्षाओं के पचहत्तर सेक्शन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दो सौ पच्चीस से अधिक विद्यार्थियों को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने पुरस्कृत किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्ट्डी टेबल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को सीएम राइज़ बेग और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को व्हाइट बोर्ड प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन कुमार टाले, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रमोद सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राकेश प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# हाथी पर सवार होकर आएगी माता रानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शारदीय नवरात्र 2025 इस साल भक्तों के लिए खास होने वाला है। न सिर्फ इसकी अवधि 9 की बजाय 10 दिन की होगी, बल्कि इस बार मां दुर्गा का आगमन गज वाहन (हाथी) पर हो रहा है, जिसे बेहद शुभ और समृद्धिदायक माना जाता है। नवरात्रि हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा की जाती है। यह समय शक्ति, साधना और भक्ति का प्रतीक होता है। साल में चार बार नवरात्र आते हैं, जिसमें दो गुप्त नवरात्र होते है बाकी चैत्र और शारदीय। इनमें से शारदीय नवरात्र को विशेष महत्व प्राप्त है। नगरपुरोहित पं मनीष पाठक ने बताया कि इस साल 2025 में शारदीय नवरात्र 9 नहीं, बल्कि 10 दिनों के होंगे. नवरात्रि की शुरुआत 22 सितंबर से होगी. 25 और 26 सितंबर को चतुर्थी तिथि का व्रत रखा जाएगा. इस बार चतुर्थी तिथि दो दिनों तक रहेगी, जिसके कारण शारदीय नवरात्रि में एक दिन की वृद्धि होगी जो शुभकारी है। नवरात्रि में बढ़ती हुई तिथि को शुभ माना जाता है, जबकि घटती हुई तिथि को अशुभ माना जाता है।

# मूल पाठ से आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है: उद्धव दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



पितृपक्ष के दौरान ग्राम नोगांव में चल रहे मूल पाठ कार्यक्रम में त्यागी बाबा आश्रम के महंत उद्धव दास महाराज शामिल हुए। ग्राम के अमर सिंह के यहा चल रही पित्र मोक्ष भागवत कथा के दौरान महंत उद्धव दास महाराज ने कहा कि पितृपक्ष में कथा सुनने से मनुष्य के जीवन में आने वाले रोग, भय व बाधाएं दूर होती हैं और जीव आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि पितृ पक्ष में दान, पुण्य, ब्राह्मण भोज, जीव-जंतु व पशु-पक्षी को दाना खिलाने से आत्म शक्ति एवं पुण्य लाभ प्राप्त होता है। पितृ पक्ष को महालय पक्ष भी कहा जाता है। यह वह अवसर है जब जीवित पीढ़ी अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है। माना जाता है कि इन दिनों पितरों की आत्मा पृथ्वी पर आकर अपने वंशजों से तर्पण और स्मरण की प्रतीक्षा करती हैं। जब हम श्रद्धा से तर्पण करते हैं और भागवत कथा का श्रवण करते हैं, तो पितरों की आत्मा को तृप्ति मिलती है और वे हमें आशीर्वाद देकर मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होती हैं।

श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण की अमृतमयी लीलाओं और उपदेशों का खजाना है। इसमें भक्ति, ज्ञान और वैराग्य तीनों का अद्भुत संगम है। यह ग्रंथ जीवात्मा को परमात्मा से जोड़ने वाला सेतु है। जब इसका मूल पाठ किया जाता है, तो हर अक्षर, हर श्लोक एक मंत्र की भाँति वातावरण को शुद्ध करता है। इस पवित्र ध्वनि से न केवल जीवित प्राणी, बल्कि अदृश्य पितृ आत्माएं भी संतुष्ट होती हैं।

# नर्मदा का पानी कोठरी तक लाने मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे प्रस्ताव: विधायक गोपाल इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



नगर परिषद, कोठरी के सभागार में नगर परिषद की नगर परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपाल इंजीनियर उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति ने की। बैठक का संचालन नगर परिषद की उपाध्यक्ष प्रीति युवराज सिंह द्वारा किया गया।

बैठक में विधायक ने निर्देशित किया कि कोठरी के सभी वार्डों में आरसीसी रोड, नाली निर्माण के कार्यों की रूपरेखा तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना की डीपीआर तैयार करने और नवीन आवास स्वीकृति के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। सभी पार्षदगणों व नगर परिषद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने व प्लास्टिक मुक्त कोठरी हेतु विशेष निर्देश दिए। इस उपलक्ष्य में विधायक द्वारा एक पेड मां के नाम अन्तर्गत कार्यालय प्रागंण में वृक्षारोपण किया। तथा नगर के संबल हितग्राहियों के परिवार को अन्त्योष्टि सहायता राशि का वितरण किया। नगर परिषद कोठरी जनहित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस बैठक में लिए गए निर्णयों को शीघ्र ही धरातल पर उतारने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक के उपरांत समस्त पार्षदों द्वारा अपने अपने वार्डो में विकास कार्य कराये जाने के संबंध मांग पत्र सौंपे गए। बैठक में नगर परिषद मुख्य अधिकारी नरेन्द्र सिंह जाटव एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डॉ डोहर तथा पार्षद विजय सिंह दिनेश चौधरी देवकरण बकोरिया धरम सिंह मदनलाल वर्मा, शिशुपाल वर्मा जगदीश मेंचन व समस्त कर्मचारी नागरिकगण उपस्थित रहें।

# सेवा पखवाड़ा: स्वच्छता के प्रति जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगरपालिका द्वारा सेवा पखवाड़ा आयोजन के तहत नगर में साफ-सफाई का कार्य निरंतर जारी है। इसी के चलते नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, वार्ड पार्षद रवि शर्मा द्वारा सेमनरी रोड़ स्थित वर्षो पुराने कचरे के ढेर की मौके पर रहकर साफ-सफाई करवाई गई।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने आसपास के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री द्वारा सफाई कार्य को अतिमहत्वपूर्ण कार्य बताते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया जाता है। सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने सफाई मित्रों को निर्देशित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगर के ऐसे सभी कचरा संग्रहित स्थल को चिन्हित कर उक्त स्थल की समुचित साफ-सफाई करें। साथ ही वहां निवासरत नागरिकों को सफाई कार्य के प्रति जागरूक करें। वार्ड जमादारों को सख्ती से निर्देश देते हुए कहा कि कचरा संग्रहण वाहन नियमित नगर के प्रत्येक वार्डो में समयानुसार भ्रमण करें, अगर किसी भी वार्ड से नागरिकों की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित वार्ड जमादार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित वार्ड जमादार की होगी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति, वार्ड पार्षद रवि शर्मा, पार्षदगण कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान, चेतन वर्मा सहित नपा की सफाई टीम मौजूद थी।

फिल्म तू मेरी पूरी कहानी के मुख्य किरदार में नजर आएगा सीहोर का सितारा

# महेश भट्ट की नई फिल्म में अरहान निभा रहे मुख्य भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






26 सितंबर को आने वाली महेश भट्ट की फिल्म तू मेरी पूरी कहानी में गिरजेश पटेल उर्फ अरहान पटेल मुख्य अभिनेता के रूप में नजर आएंगे। महेश भट्ट की आने वाली लव स्टोरी तू मेरी पूरी कहानी फिल्म से क्षेत्र के नए कलाकार अरहान पटेल बड़े पर्दे पर कदम रख रहे हैं और फिल्म में लीड रोल रोहन का किरदार निभाएंगे।

#### छोटे गांव से सिल्वर स्क्रीन तक

छोटे भाई सत्यम सवासिया ने बताया कि में बचपन से उनके साथ रहा हूं। उन्होने हमेशा बचपन से ही नकरात्मक परिस्थितयों को साकारात्मक तरीके से संभाला है, आज अपनी मेहनत से उन्होने यह मुकाम हासिल किया है। उनकी मेहनत या लगन का में खुद साक्षी हूं। मध्यप्रदेश के कालापीपल के एक छोटे से गांव आगखेड़ी से आने वाले अरहान का कोई एक्टिंग बैकग्राउंड नहीं था। अरहान पटेल ने सीहोर नगर के मंडी क्षेत्र में स्थित इमानवल स्कूल से शिक्षा ग्रहण की। कॉलेज से एमबीए करने के बाद एक साधारण नौकरी कर रहे थे, इनके पिता किसान है। अरहान के भाई सत्यम सवासिया ने बताया कि सन 2011 से लगातार मुंबई में रहकर मेहनत कर रहे थे और अरहान उर्फ गिरजेश पटेल ने अपनी काबिलियत और हुनर की दम पर एक मुकाम हासिल किया है। फिल्मी दुनिया में यह साबित कर दिखाया कि व्यक्ति में हुनर हो तो उसे कोई नहीं रोक सकता। जानकारी अनुसार यह टर्निंग पॉइंट तब आया जब अरहान की पहली मुलाकात महेश भट्ट से हुई। उस पल वे इमोशन में रो पड़े, और यही सच्चाई फिल्म की टीम को भा गई। उनका यह नैचुरल इमोशनल रिएक्शन इस बात का सबूत था कि वे इस किरदार को पूरी ईमानदारी से निभा पाएंगे। टीम का मानना था कि कोई भी स्थापित कलाकार उस असलियत को परदे पर नहीं ला सकता, जो अरहान की सादगी और सच्चाई में है। तू मेरी पूरी कहानी को इंडस्ट्री की दिग्गज टीम बना रही है। महेश भट्ट हैं क्रिएटिव विजनरी, जबकि फिल्म का संगीत तैयार कर रहे हैं अनु मलिक। फिल्म का निर्माण अजय मुरडिया और विक्रम भट्ट के नेतृत्व में हो रहा है। पटकथा श्वेता बोथरा और सुह्ता दास ने लिखी है, और निर्देशन भी सुह्ता दास ही कर रही हैं। यह फिल्म 26 सितंबर को बड़े पर्दे पर नजर आएगी। बेहतरीन टीम और एक नए सितारे के साथ, तू मेरी पूरी कहानी रोमांटिक जॉनर में एक नया रंग भरने के लिए तैयार है।

#### एलबम में भी आ चुके है नजर

अरहान पूर्व में रिलीज हुए एल्बम सॉन्ग नूर में भी मुख्य किरदार में अभिनेत्री एवं सिंगर सोना महापात्रा के साथ नजर आ चुके है, जो कि दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। वही नई उपलब्धि पर परिजन, मित्र, शिक्षक और रिस्तेदारों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# गांव में चलाया स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत ग्राम पंचायत रोला गांव के आंगनवाड़ी केंद्र पर मातृशक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की करीब 60 महिलाओं का बीपी, शुगर, खून की जांच, वजन व हाइट की जांच की गई। इस मौके पर सरपंच धर्मेंद्र धनगर, सीएचओ पूनम पटेल, एनएम सुधा गुर्जर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति, आशा कार्यकर्ता मान कुंवर बाई व ग्राम की मातृशक्ति उपस्थित थी।